फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मावली, उदयपुर

प्रार्थी :– श्री देवेन्द्रसिंह **विपक्षी :– राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 107/25**

जीसीएमएस : 2025/380

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 16.07.2025 पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी व राजपेरोकार उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी व राजपेरोकार की बहस सुनी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम रूपसिंह पिता हरिसिंह गलत अंकित होना बताया। जिसे दुरूस्त किया जाकर कालुसिंह पिता हीरसिंह किये जाने का निवेदन किया। तहसीलदार मावली द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में ग्राम पंचायत भीमल द्वारा जारी प्रमाण पत्र क्रमांक ग्रा.प.भी/2025–26/नोटिस/43 दिनांक 25.06.2025, पर्चा मौका पटवारी बांसलिया, प्रार्थी स्वयं का 50/– रूपये स्टाम्प पर शपथ पत्र, सहखातेदार हमेरकुंवर का 50/– रूपये स्टाम्प पर शपथ पत्र, प्रार्थी के पिता के आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत की। उक्त दस्तावेजो में प्रार्थी के पिता का नाम कालु सिंह पिता हीरसिंह अंकित है। तहसीलदार द्वारा भी निवेदन किया गया है कि प्रार्थी के पिता का नाम विरासतन रूपसिंह पिता हरिसिंह दर्ज हुआ है तथा दस्तावेज के आधार पर कालुसिंह पिता हीरसिंह दुरस्त किया जाने की अनुशंषा की गई। अतः राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम गलत अंकित होने से उसे सही किया जाना न्यायहित में उचित प्रतीत होता हैं। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा गडवाडा पटवार हल्का बांसलिया तहसील मावली की नकल जमाबन्दी सम्वत् 2077–80 के खाता संख्या 154, 164, 165 पर दर्ज आराजीयात भूमि में खातेदार रूपसिंह पिता हरिसिंह के बजाय कालुसिंह उर्फ रूपसिंह पिता हीरसिंह संशोधन किया जाने का आदेश दिया जाता हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)** **उपखण्ड अधिकारी** **मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.09.17 18:13:03 IST
Reason: SelfAttested